## मांग संख्या 21
## मुख्य शीर्ष 2217

**मद क्रमांक 1**

नवा रायपुर अटल नगर में ''ई-यातायात योजना'' हेतु ₹100.00 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अतः इस प्रयोजन हेतु ₹100 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 2**

भू-संपदा विनियामक अपीलीय अधिकरण, रायपुर को स्थापना अनुदान हेतु ₹25.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजन हेतु ₹25,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 3**

पर्यावरण संरक्षण अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के बारनवापारा वाईल्ड लाईफ सेन्चुरी का केरिंग केपेसिटी अध्ययन कराने के लिए व्यवसायिक सेवाओं हेतु ₹200.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजन हेतु ₹2,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 4 से 6**

1. अमृत मिशन 1.0 योजनांतर्गत व्यवसायिक सेवाएं कार्य हेतु आकस्मिकता निधि से ₹100.00 अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।
2. अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत विशेष सेवाएं कार्य हेतु ₹1.00 लाख का व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।
3. अमृत मिशन 1.0 योजनांतर्गत सहायक अनुदान कार्य हेतु आकस्मिकता निधि से ₹100.00 अग्रिम स्वीकृत किया गया है ।

अतः अमृत मिशन 1.0 योजनांतर्गत व्यवसायिक सेवाएं एवं सहायक अनुदान हेतु आकस्मिकता निधि अग्रिम की प्रतिपूर्ति हेतु ₹200 एवं अमृत मिशन 2.0 योजनांतर्गत विशेष सेवाएं कार्य के लिए ₹100.00 प्रतीक इस प्रकार कुल ₹300 प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।

## मुख्य शीर्ष 4217

**मद क्रमांक 7**

नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण के स्वामित्व की शासन के विभागों को आबंटित भूमि के विरूद्ध भूमि प्रीमियम, भू-भाटक एवं अधोसंरचना विकास की लागत हेतु ₹5000.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजन हेतु ₹50,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 8**

1. नवा रायपुर अटल नगर में इनोवेशन हब की स्थापना एवं विकास कार्य हेतु ₹500.00 लाख का व्यय संभावित है।
2. नवा रायपुर अटल नगर के सेक्टर 21 सी.बी.डी, कमर्शियल ऑफिस काम्पलेक्स द्वितीय चरण के विकास कार्य हेतु ₹500.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु कुल ₹10,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 9 से 10**

1. नवा रायपुर अटल नगर में ''ई-यातायात योजना'' के लिए अधोसंरचना कार्य हेतु ₹100.00 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा।
2. नवा रायपुर अटल नगर में ''ई-यातायात योजना'' के लिए वाहनों के क्रय हेतु ₹100.00 लाख का व्यय संभावित है। यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु ₹200 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 11**

नवा रायपुर अटल नगर में ''मंत्रालयीन अधोसंरचना कार्य'' अंतर्गत भू-तल में निर्माण कार्य के लिए ₹100.00 लाख का व्यय एवं पाँचवें तल में सभागार तथा अन्य संबंधित अधोसंरचनात्मक निर्माण कार्य हेतु अतिरिक्त ₹100.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजन हेतु ₹2,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

**मद क्रमांक 12 से 13**

नवा रायपुर अटल नगर में Incubation Center की स्थापना एवं विकास कार्य हेतु केन्द्रांश की राशि ₹300.00 लाख एवं राज्यांश की राशि ₹200.00 लाख का व्यय संभावित है।

अतः उक्त प्रयोजनों हेतु कुल ₹5,00,00,000 के अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।